







# पर्यावरण सुधार में मिशन लाइफ की भूमिका

भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा 'मिशन लाइफ' की शुरुआत की गयी। इसी क्रम में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पर्यावरण सुधार हेतु 7 श्रेणियों में 75 प्रकार की गतिविधियों की सूची तैयार की गयी। मुख्यालय से प्राप्त सूची के अंतर्गत 50 गतिविधियों को भा.वा.अ.शि.प.–पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र, प्रयागराज द्वारा 21 मई से 05 जून 2023 तक संचालित किया गया। सर्वप्रथम पर्यावरण सदृश्य जीवन शैली अपनाने की शपथ दिनांक 12.05.2023 को दिलायी गयी। भारत सरकार द्वारा पर्यावरण सुधार हेतु मिशन लाइफ के अंतर्गत 07 श्रेणियां क्रमशः ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, एकल उपयोग प्लास्टिक का कम होना, सतत् खाद्य प्रणालियों को अपनाना, अपशिष्ट में कमी (स्वच्छता की गतिविधियां) स्वस्थ जीवनशैली अपनाना तथा अपशिष्ट कम करना निर्धारित किया गया है, जिसके तहत विभिन्न 75 बिन्दुओं को लागू करने का आह्वान किया गया है। केन्द्र प्रमुख डा0 संजय सिंह द्वारा उक्त गतिविधियों को केन्द्र में लागू करने के साथ ही अपने–अपने दैनिक जीवन में भी लागू किये जाने पर भी बल दिया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 05 जून 2023 को आजाद पार्क के गंगानाथ झा परिसर में 'बीट प्लास्टिक पाल्यूशन' विषय, जो कि प्लास्टिक कचरे के निपटारे के समाधान खोजने पर जोर देता है, पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित डा0 संजय सिंह ने प्लास्टिक प्रदूषण को वैश्विक चिंता का विषय बताया। उन्होने प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के कुछ सरल उपाय भी साझा किए। केन्द्र प्रमुख डा0 सिंह ने कहा कि प्रदूषण की समस्या का हल प्लास्टिक मुक्त जिला बनाने में है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 अनीता तोमर ने व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्लास्टिक एक नॉन बायोडिग्रेडेबल पदार्थ है, इसलिए यह जल और भूमि में विघटित नहीं होता है, जिससे पर्यावरण पूरी तरह से प्रदूषित होता जा रहा है। इसी क्रम में डा0 अनुभा श्रीवास्तव ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह हमारा कर्तव्य है कि प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

उक्त अवसर पर भा.वा.अ.शि.प.–पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र, प्रयागराज की ओर से कार्यालय परिसर में पर्यावरण सुधार हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नगर के सार्वजनिक स्थलों पर प्लास्टिक का उपयोग कम करने हेतु आम नागरिकों को जागरूक किया। इसी क्रम में केन्द्र द्वारा विभिन्न स्थानों पर उपस्थित नागरिकों को थैले वितरित किए गए।


Latitude: 25.47419
Longitude: 81.849209
Elevation: 117.59±2 m
Accuracy: 10.6 m
Time: 05-12-2023 10:05
Note: ICFRC-erc
Powered by NoteCam


Latitude: 25.452451
Longitude: 81.807157
Elevation: 119.15±1 m
Accuracy: 19.9 m
Time: 05-12-2023 08:26
Note: KV
Powered by NoteCam


Latitude: 25.474171
Longitude: 81.849118
Elevation: 117.59±2 m
Accuracy: 14.7 m
Time: 12-05-2023 11:00
Powered by NoteCam


Latitude: 25.452575
Longitude: 81.80706
Elevation: 118.85±1 m
Accuracy: 8.3 m
Time: 05-12-2023 08:47
Note: KV
Powered by NoteCam


Latitude: 25.474108
Longitude: 81.849153
Elevation: 117.59±2 m
Accuracy: 18.2 m
Time: 12-05-2023 11:01
Powered by NoteCam


Latitude: 25.477326
Longitude: 81.846734
Elevation: 117.59±2 m
Accuracy: 29.8 m
Time: 15-05-2023 15:03


Latitude: 25.474181
Longitude: 81.848963
Elevation: 117.49±21 m
Accuracy: 6.6 m
Time: 16-05-2023 11:30


Latitude: 25.474452
Longitude: 81.848947
Elevation: 55.39±85 m
Accuracy: 13.8 m
Time: 19-05-2023 15:34
Powered by NoteCam


GPS Map Camera Lite
13/2B, Dr Lohia Rd, Canton, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh 211001, India
Latitude
25.45803636°
Longitude
81.82877935°
Local 08:40:30 AM
GMT 03:10:30 AM
Altitude 103 meters
Thursday, 18.05.2023


Rasna
Latitude: 25.429104
Longitude: 81.8778
Elevation: 109.05±11 m
Accuracy: 141.3 m
Time: 25-05-2023 18:09
Powered by NoteCam

# तंबाकू सेवन करने वालों की काउंसलिंग

प्रयागराज। भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद कार्यालय के सभागार में तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों पर कार्यशाला हुई। जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के डॉ. शैलेश मौर्या ने कहा, तंबाकू स्वास्थ्य के अलावा वातावरण को भी क्षति पहुंचता है।

डॉ. संजय सिंह व अनीता तोमर ने विशेष प्रकार की काउंसलिंग करने के बारे में बताया। नोडल अधिकारी डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव की जागरूकता के लिए यह 'दिवस मनाया जाता है। संवाद



# पर्यावरण के लिए जीवन शैली से जैव विविधता के सरंक्षण पर कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता

प्रयागराज। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन केंद्र , प्रयागराज एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ । औपचारिक उद्घाटन के पश्चात कार्यक्रम संयोजक श्री आलोक यादव वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कार्यशाला के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी। विशिष्ट अतिथियों श्रीमती सुमन लता त्रिपाठी एवं डॉ शैलेंद्र कुमार मौर्य विशेषज्ञ राष्ट्रीय तंबाकू निवारण कार्यक्रम द्वारा अपने व्याख्यानों में तंबाकू रहित जीवन शैली अपनाने एवं उन्मूलन पर जानकारी प्रदान की । संस्थान प्रमुख डॉ संजय सिंह तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अनिता तोमर ने भारत सरकार के मिशन लाइफ द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के अंतर्गत जीवन शैली से जैव विविधता संरक्षण पर बल दिया। डॉ सिंह के अनुसार हम छोटी छोटी गतिविधियों द्वारा पर्यावरण के संरक्षण में योगदान दे सकते है जिसमें जैव विविधता प्रमुख है। कार्यशाला के अंतिम सत्र में विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों की शंकाओ का समाधान किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनुभा श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला में 50 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों अब एवं शोधार्थियों ने प्रतिभाग लिया।




Go green